The
Post Mayor

पेपर बैग बिज़नेस से कैसे कमायें : पूरी जानकारी

सितम्बर 2, 2019 by Yashraj Jaiswal

पेपर बैग बिज़नेस

इंडस्ट्री	मैन्युफैक्चरिंग
इन्वेस्टमेंट (शुरुआती लागत)	50 हज़ार से 1 लाख
मुनाफ़ा	₹3000 – ₹5000 प्रतिदिन
बिज़नेस टाइप	B2B, B2C

पेपर बैग बिज़नेस एक बेहद लोकप्रिय व्यापार बनता जा रहा है। सरकार द्वारा प्लास्टिक की थैलियों के खिलाफ चलाई जा रही मुहीम से इस व्यसाय को एक नया जीवनदान सा मिल गया है। **पेपर बैग बनाने का बिज़नेस (Paper bag business)** इसलिए भी काफ़ी लोकप्रिय है क्योंकि यह कम लागत में ज्यादा मुनाफा देने वाले व्यवस्यायों में से एक है। इसको आप कम निवेश के साथ शुरू कर के भी काफ़ी अच्छा पैसा कमा सकते हैं। साथ ही पेपर बैग व्यवस्याय शुरू करने के लिए आपको किसी डिग्री की भी जरूरत नहीं होती। यह काम आप दसवीं पास करने के बाद भी शुरू कर सकते हैं।

पेपर से बने बैग इस्तेमाल एक छोटी सब्जी की दूकान से ले कर बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल तक में होता है। ब्रांडेड कपडे की दुकानों, जेवेलरी शॉप, बड़ी किताबों की दुकानों आदि पर तो केवल पेपर के बैग में ही सामान पैक कर के दिया जाता है। यह ना केवल अच्छा दिखता है पर साथ ही **विज्ञापन व मार्केटिंग (advertising & marketing)** के लिए भी काम आता है और इससे वातावरण भी प्रदूषित नहीं होता।

पेपर बैग का मार्केट बहुत बड़ा है व इस काम को शुरू करने में लागत भी कम आती है जिससे यह एक आकर्षक व्यवस्याय बन जाता है। आइये जानते हैं पेपर बैग बिज़नेस के बारे में हिंदी में। (Paper bag business in Hindi)

पेपर बैग बिज़नेस लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन (Paper bag business license & registration)

अगर आप छोटे स्तर पर काम शुरू करना चाहते हैं तो आप अपने घर से ही इसकी शुरुआत कर सकते हैं। इसके लिए आपको केवल मुनिसिपलिटी से ट्रेड लाइसेंस (Trade license) लेने की जरूरत होती है। आप केवल ट्रेड लाइसेंस ले कर शुरुआत तो कर सकते हैं लेकिन हम आपको यही सुझाव देंगे की आप अपने **पेपर बैग बिज़नेस का रजिस्ट्रेशन** (paper bag business registration) करा लें। इसके कई फायदे हैं जैसे आप टैक्स की बचत कर पाएंगे, आपको लोन लेने में आसानी होगी व सरकार द्वारा निरंतर छोटे उद्योगों के लिए योजनाएं चलाई जाती हैं जिनका आप बिज़नेस रजिस्ट्रेशन करा के लाभ उठा सकते हैं।

अगर आप पेपर बैग बिजनेस को बड़े स्तर पर शुरू करना चाहते हैं तो आपको इसके लिए सबसे पहले अपनी कंपनी का निर्माण करना होगा। कंपनी शुरू करने के लिए आपको **रजिस्ट्रार ऑफ**

कंपनीज (Registrar of Companies – RoC) के साथ रजिस्टर करना होता है।

साथ ही आपको ट्रेड लाइसेंस, GST रजिस्ट्रेशन, और अगर आप खुद की दूकान खोल के बैग बेचना चाहते हैं तो शॉप एक्ट रजिस्ट्रेशन (Shop Act Registration) आदि की भी जरूरत होती है। इसके अलावा हो सकता है की जिस राज्य में आप रहते हैं व कागज़ के बैग का काम शुरू करना चाहते हैं वहाँ किसी और लाइसेंस की भी जरूरत हो। सबसे बेहतर यही होगा की आप अपने नजदीक किसी **Chartered Accountant (CA)** से पूरी जानकारी ले लें। आपको कंपनी रजिस्टर करने के लिए भी CA की जरूरत होती है।

पेपर बैग बिज़नेस लागत (Paper bag business investment)

किसी भी व्यापार को शुरू करने से पहले एक बहुत बड़ा सवाल होता है उसमें लगने वाली लागत। पेपर बैग बिज़नेस मुख्यतः एक लघु उद्योग है व शुरुआत में इसमें सबसे बड़ी लागत **बैग बनाने की मशीन (paper bag machine)** की होती है। उद्योग के लिए ज़मीन, लेबर आदि में निवेश आप अपनी क्षमता के अनुसार कर सकते हैं।

पेपर बैग बनाने की मशीन तथा लागत (Paper bag machine & cost)

पेपर बैग बनाने की मशीन

एक पूर्ण रूप से आटोमेटिक पेपर बैग बनाने की मशीन (fully automatic paper bag machine) आप **4 से 9 लाख रुपए** तक में खरीद सकते हैं। मशीन की कीमत उसकी उत्पाद क्षमता (production capacity) पर भी निर्भर करती है। एक फुल आटोमेटिक मशीन **एक घंटे में लगभग 15000 बैग के पीस** बना सकती है।

आप पेपर बैग बिज़नेस सेमि-आटोमेटिक मशीन (semi-automatic machine) के साथ भी शुरू कर सकते हैं। इसकी कीमत **दो से चार लाख रुपए** तक होती है। वहीं आप पूरा मैन्युअल पेपर बैग बिज़नेस करीबन 50 हजार से एक लाख रुपए तक में शुरू कर सकते हैं। इसमें बैग आप लेबर से हाथ से बनवाते हैं।

ध्यान रहे आजकल मार्केट में कस्टम बैग की डिमांड बढ़ गई है, जिसकी वजह से कस्टमर अपने LOGO के साथ बैग बनवाना चाहते हैं। तो आप इस मशीन की मदद से कस्टमर की डिमांड के साथ से उन्हें LOGO या कुछ भी प्रिंट करके दे सकते हैं। अगर आप ऐसी मशीन लेते हैं जो आपको प्रिंटिंग भी कर के दे सके तो इसमें आपको ज़्यादा फ़ायदा होगा।

कहाँ से खरीदें पेपर बैग मशीन?



IndiaMart.com

पेपर बैग मशीन खरीदने व और जानकारी लेने के लिए नीचे दी गयी वेबसाइट पर जायें व पेपर बैग मशीन लिख कर सर्च करें। यहाँ से आपको अलग-अलग तरीके की मशीन व उनको बेचने वाली कंपनियों के बारे में जानकारी मिल जाएगी। फिर आप उनसे संपर्क कर सकते हैं व मशीन देखने व खरीदने की जानकारी ले सकते हैं।

पेपर बैग बनाने की मशीन के बारे में आप आसानी से घर बैठे जान सकते हैं व ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं।

- https://www.indiamart.com/
- https://india.alibaba.com/index.html

पेपर बैग बनाने का तरीका (How to make paper bags)

पेपर बैग बनाने के लिए सबसे पहले आपको मशीन के ऊपर पेपर रोल लगाना पड़ता है। इसके बाद मशीन में गोंद और स्याही डाली जाती है, जिसकी मदद से पेपर बैग को चिपकाया जाता है तथा उस पर प्रिंटिंग की जाती है। इसके बाद आप जिस प्रकार का बैग चाहते हैं उसके हिसाब से मशीन में सेटिंग करना पड़ता है जिसमें बनने वाले बैग की संख्या तथा साइज शामिल होती है । इसके बाद आपके कमांड देते ही पेपर बैग बनना शुरू हो जाता है और उसके ऊपर LOGO प्रिंट होता है और दूसरी तरफ से पूरा बैग बनकर निकलता है। और अधिक जानकारी के लिए आप यह वीडियो देख सकते हैं।

अलग-अलग प्रकार के इस्तेमाल किए जाने वाले बैग तथा उनके साइज

आप किस साइज का बैग बनाते हैं यह बाजार की डिमांड के ऊपर निर्भर करता है। आप बैग बनाना शुरू करने से पहले डीलर्स से जा कर उनकी मांग के हिसाब से साइज का पता कर सकते हैं। आप नीचे दिए गए टेबल से अलग-अलग साइज के बैग के बारे में जान सकते हैं जिनका डिमांड अक्सर मार्केट में बना रहता है। नीचे दिए साइज कुछ ऐसे हैं जिनकी मांग हमेशा बनी रहती है।

- 4.25″ x 6″
- 5.25″ x 7.5″
- 6.75″ x 8.5″
- 8.25″ x 10″

- 10.5″ x 16″

पेपर बैग बिज़नेस सेटअप करने के लिए जगह

वैसे तो आप पेपर बैग बिज़नेस आप अपने घर से ही शुरू कर सकते हैं लेकिन यदि आप एक ऐसी जगह का चयन करते हैं जहाँ से कच्चा माल (raw material) लाने व मार्किट सप्लाई करने में दिक्कत ना हो तो बेहतर होता है। शुरुआत करने के लिए आपको कम से कम 1000 स्क्वायर फीट जगह की आवश्यकता पड़ेगी। इसमें आप आसानी से अपनी मशीन लगा सकते हैं तथा अपने रॉ मैटेरियल को रख सकते हैं और फाइनल प्रोडक्ट को भी स्टोर कर सकते हैं।

पेपर बैग बिज़नेस में लगने वाला सामान (Paper bag business raw material)

1. **पेपर रोल –** पेपर बैग बनाने के लिए यह सबसे जरूरी रॉ मैटेरियल (raw material) है। आप जिस भी कलर का बैग बनाना चाहते हैं आपको उसी कलर का पेपर रोल खरीदना पड़ेगा। पेपर रोल अलग-अलग क्वालिटी के हिसाब से अलग-अलग दाम का आता है। यह आपको ₹25 से लेकर ₹50 प्रति किलो तक आसानी से मिल जाएगा। इसके साथ ही पेपर भी अलग अलग तरीके का होता है। पेपर का चुनाव आप मार्किट डिमांड के हिसाब से करें।

2. **गोंद-** पेपर बैग को चिपकाने के लिए आपको गोंद की आवश्यकता पड़ती है। यह आपको बाजार में ₹100 प्रति किलो से लेकर ₹200 प्रति किलो तक आसानी से बाजार में मिल जाएगा।

3. **प्रिंटिंग इंक यानी कि स्याही –** आपको प्रिंटेड बैग बनाने के लिए प्रिंटिंग इंक की आवश्यकता पड़ती है। यह भी आपको किलो के भाव में आसानी से मार्केट में मिल जाएगी। आप जिस भी कलर का प्रिंट करना चाहते हैं उसे आप खरीद सकते हैं। यह आपको लगभग ₹100 प्रति किलो तक मिल जाएगा।

4. **बैग में लगाने के लिए हैंडल –** अगर आपके कस्टमर की डिमांड रहती है कि उन्हें हैंडल वाला बैग चाहिए तो आपको यह भी मार्केट से खरीदना पड़ेगा। यह आपको लगभग 80 पैसे प्रति जोड़े के हिसाब से मिल जाएंगे।

पेपर बैग बिज़नेस – कैसे करें मार्केटिंग व कैसे बेचें (Paper bag business marketing)

पेपर बैग बिज़नेस की सफलता निर्भर करती है आपके इस व्यस्याय की मार्केटिंग पर। आप अपने बैग का प्रचार करने के लिए स्वयं जा कर **बड़ी दुकानों, शॉपिंग मॉल, लोकल शॉप्स** आदि में जा कर उनसे बात कर सकते हैं व दुकानदारों से बड़े आर्डर ले सकते हैं। यदि आप आपके बैग बाकी सेलर्स से कम दाम में दे पाते हैं तो आपको अपने बैग बेचने में ज्यादा मुश्किल नहीं होनी चाहिए।

इसके साथ आपको **एक्सपोर्ट (export)** पर भी जोर देना चाहिए। अधिकतर विकसित देशों मे प्लास्टिक बैग पर पूरी तरह से पाबन्दी है। ऐसी जगहों पर आप अपने बैग को निर्यात कर अच्छा-ख़ासा मुनाफा कमा सकते हैं व व्यापार बढ़ा सकते हैं।

आप **ऑनलाइन भी अपने बैग** बेच सकते हैं। अमेज़न व फ्लिपकार्ट जैसी वेबसाइट से आप अपनी बिक्री कई हद तक बढ़ा सकते हैं।

पेपर बैग बिज़नेस से जुड़े सामान्य सवाल – Paper bag business FAQs

+ क्या पेपर बैग मशीन लोन पर खरीद सकते हैं?

जी हाँ, आप पेपर बैग मशीन खरीदने के लिए लोन ले सकते हैं। लोन लेने के लिए आप अपने नजदीकी बैंक में जा कर पता कर सकते हैं।

+ क्या पेपर बैग मशीन चलाने के लिए किसी तरह की ट्रेनिंग या कोर्स की जरूरत होती है?

पेपर बैग मशीन चलने के लिए किसी ख़ास तरह की ट्रेनिंग की जरूरत नहीं होती। जब आप यह मशीन खरीदते हैं तब तकनीशियन आ कर मशीन लगा कर जाता है व वह आपको मशीन के बारे में अच्छे से समझा कर जाता है।

✚ क्या पेपर बैग बिज़नेस शुरू करने के लिए गवर्नमेंट से किसी प्रकार की परमिशन लेनी पड़ती है?

यदि आप छोटे स्तर पर काम शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए केवल आपको ट्रेड लाइसेंस लेना पड़ता है जो आपको आपके नगर निगम से मिल जाता है। यह लाइसेंस आपको आसानी से मिल जाता है और इसके साथ आप आपका काम शुरू कर सकते हैं।

✚ पेपर बैग मशीन चलाने के लिए कितनी बिजली की ज़रूरत होती है?

यह मशीन की स्पीड व क्षमता पर निर्भर करता है। यदि आप बैग प्रति मिनट तक की मशीन लेते हैं तो इसमें ज्यादा बिजली की खपत नहीं होती है। यह सिंगल फेज पर चल सकती है व आप इसको अपने घरेलु बिजली कनेक्शन से चला सकते हैं। मशीन के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप मशीन बेचने वाली कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।

Copyright © 2018 • Powered by The PostMayor